## थाना कुलपहाड पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित नामजद 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड व बरामदगी अभियान के क्रम मे आज दिनांक 21.02.2021 को थाना कुलपहाड प्रभारी वरिष्ठ उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी द्वारा गठित टीम उ0नि0 सचिन कुमार के नेतृत्व में टीम ने वांछित अपराधियों के धरपकड अभियान में शामिल होकर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/2021 धारा 363/376**D**/323 **IPC** व 5(**G**)/6 पाक्सो एक्ट व 3(2)5, 3(2)5 क **SC/ST ACT** से सम्बन्धित दो नफर वाछिंत अभियुक्त गण क्रमशः (1) जयहिन्द सेन पुत्र रामआसरे उम्र करीब 22 वर्ष (**2**) आशीष सेन पुत्र परमानन्द उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण मु0 अतरौलिया कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर को मुखबिर की सूचना पर बागौल मोड़ कस्बा कुलपहाड़ से र गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

**1.** उ0नि0 सचिन कुमार थाना कुलपहाड
**2.** कां0 रन्धीर सिंह **3.** कां0 हरीप्रताप सिंह
**4.** कां0 अमित कुमार थाना कुलपहाड़

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

(1) जयहिन्द सेन पुत्र रामआसरे उम्र करीब 22 वर्ष मु0 अतरौलिया कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर।

(2) आशीष सेन पुत्र परमानन्द उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मु0 अतरौलिया कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर।



## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।



पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड व बरामदगी अभियान के क्रम मे आज दिनांक 21.02.2021 को थानाध्यक्ष महोबकंठ दिनेश सिंह द्वारा गठित टीम जिसमें उ0नि0 छेदीलाल सिंह एवं हमराह हे0का0 दिनेशचन्द्र के नेतृत्व में टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्तों के धरपकड अभियान के तहत 01 नफर वारण्टी अभियुक्त पप्पू सिंह पुत्र लल्लू सिंह उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जिला महोबा सम्बन्धित मु0अ0सं0 564/18 धारा 504/506 भादवि0 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को संबंधित न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 छेदीलाल सिंह
2. हे0का0 दिनेशचन्द्र

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

पप्पू सिंह पुत्र लल्लू सिंह उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जिला महोबा।

दिनांक:- 21.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना कोतवाली महोबा को मिली मूक-बधिर बच्ची को उसके परिजनों तक पहुँचाने में मदद करें !





दिनाँक 20.02.2021 को थाना कोतवाली महोबा के पीआरवी 1256 पर कालर श्री शिवपाल सिंह ग्राम प्रधान कुम्हडौरा थाना कोतवाली महोबा द्वारा जरिये मोबाइल फोन द्वारा **01 मूक-बधिर बच्ची नाम पता अज्ञात उम्र लगभग 14 वर्ष (जो बोल पाने में असमर्थ है)** की सूचना दी गई। इस सूचना पर पीआरवी द्वारा उक्त बच्ची को थाना कोतवाली महोबा लाया गया। **बच्ची के दाहिने हाथ में खुशबू नाम गुदा हुआ है।** थाना कोतवाली महोबा द्वारा मेडीकल व अन्य आवश्यक कार्यवाही के बाद उक्त बच्ची को 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, महोबा के काउन्सलर श्री दीपक कुमार व टीम मेम्बर श्रीमती लीलावती को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया है।

**अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त बच्ची के सम्बन्ध में कोई भी मदद हेतु निम्न नं0 पर सम्पर्क करने की कृपा करें।**

**प्र0नि0 कोतवाली महोबा- 9454403889**

**सीओ नगर- 9454401362**

**मीडिया सेल- 7839857330**



कन्ट्रोल रुम- 9454417372



आज दिनाँक 21.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय मय कोतवाली नगर पुलिस बल के साथ एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री कालू सिंह मय कुलपहाड़ पुलिस बल के साथ नगर/कस्बे के सर्राफा बाजार/बस-स्टैण्ड/मुख्य बाजार आदि जगहो पर पैदल गस्त करके सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग व पूछताछ की गई एवं आनजन से वार्ता की गई। इसके साथ ही समस्त थानों द्वारा अपने क्षेत्र में पैदल गस्त के दौरान बिना नं0 व संदिग्ध वाहनो को रोककर पूछताछ व चेकिंग की गई। पैदल गस्त का उद्देश्य आमजन मानस को सुरक्षा का अहसास दिलाना व अराजक तत्वों पर नजर रखना है। साथ ही यातायात नियमों के तहत **06 वाहनों से 600/-रु0 शमन-शुल्क व 51 ई-चालान** किये गये।








गुड मॉर्निंग महोबा
महोबा पुलिस
महोबा पुलिस द्वारा `गुड मॉर्निंग महोबा` अभियान के तहत पुलिस/नागरिकों के बीच "पुलिस मित्र" के रुप में बेहतर सम्बन्ध स्थापित करने की अनोखी पहल है । गुड मार्निंग टीमें क्षेत्र में भ्रमण के दौरान छात्र/छात्राओं से मार्निंग वाक के दौरान उनकी पढ़ाई/परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में भी वार्ता की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । साथ ही महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराया गया ।
सोशल मीडिया सेल
दिनांक 21.02.2021